दैनिक प्रातः कालीन हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 327 मुरादाबाद, 29 March 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड





## महागौरी

श्वेते वृषे समरूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा।।



मां दुर्गा के आठवें स्वरूप का नाम महागौरी है। दुर्गा पूजा के आठवें दिन महागौरी की उपासना का विधान है। इनकी शक्ति अमोघ और फलदायिनी है। इनकी उपासना से भक्तों के सभी कलुष धुल जाते हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# भाजपा संसदीय दल की बैठक में पार्टी नेताओं से बोले प्रधानमंत्री मोदी- मजबूत लड़ाई के लिए तैयार रहो



प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे जैसे पार्टी सफलता की सीढ़ियां चढ़ेगी, वैसे ही विपक्षी पार्टियों द्वारा ज्यादा हमले किए जाएंगे।मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी नेताओं से कहा कि वह एक मजबूत लड़ाई के लिए तैयार रहें। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे जैसे पार्टी सफलता की सीढ़ियां चढ़ेगी, वैसे ही विपक्षी पार्टियों द्वारा ज्यादा हमले किए जाएंगे। संसद परिसर में यह बैठक आयोजित हुई। बैठक की शुरुआत में तीन राज्यों में सत्ता हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया गया।

### जनता के बीच जाएंगे भाजपा सांसद

प्रधानमंत्री ने भाजपा संसदीय दल की बैठक के दौरान पार्टी सांसदों को नसीहत दी कि वह नौ साल के दौरान सरकार द्वारा किए गए कामों को जनता के बीच लेकर जाएं और अपने-अपने क्षेत्रों में इनका प्रचार करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 मई से 15 जून तक सभी सांसद अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में जनता के बीच जाएं। बता दें कि लोकसभा चुनाव में एक साल का समय बचा है। यही वजह है कि विपक्ष जहां सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में जुटा है, वहीं सरकार भी जनता के बीच अपने कामों को पहुंचाने में जुट गई है।

### राहुल गांधी और अदाणी मामले पर विपक्ष हमलावर

बता दें कि मानहानि मामले में राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने के बाद विपक्ष सरकार के खिलाफ उग्र हो गया है। विपक्ष सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर देशभर में विरोध प्रदर्शन की रणनीति बना रहा है। विपक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता को लोकतंत्र पर हमला बता रहा है। वहीं भाजपा राहुल गांधी पर ओबीसी वर्ग का अपमान करने का आरोप लगा रही है। इससे पहले राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान पर भी हंगामा जारी है। विपक्ष जहां अदाणी मामले पर जेपीसी का गठन करने की मांग कर रहा है तो वहीं सत्ता पक्ष राहुल गांधी से लंदन में दिए बयान पर माफी की मांग कर रहा है। इसे लेकर बजट सत्र के दौरान सदन भी नहीं चल पा रहा है।

# उमेश अपहरण केस में बड़ा फैसला, अतीक अहमद समेत तीनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा



उमेश पाल अपहरण मामले में प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। मामले में अतीक अहमद समेत तीन दोषियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। आज ही कोर्ट ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। मामले में अशरफ समेत सात आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया थाअतीक अहमद समेत तीनों दोषियों को आजीवन कारावास- उमेश पाल अपहरण केस में प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने माफिया अतीक अहमद समेत तीनों दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। तीनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि उमेश पाल के परिवार को देनी होगी।अतीक अहमद, दिनेश पासी और खान सौलत हनीफ दोषी करार-अतीक अहमद एवं दिनेश पासी को 147, 148, 149, 341, 342, 364अ, 120बी में दोषी करार दिया गया है, जबकि सौलत हनीफ को अन्य धाराओं के साथ 364 में दोषी करार दिया है। सजा पर फैसला कुछ देर में होगा, अशरफ समेत सभी दोष मुक्त किए गए हैं।अतीक की सजा पर बहस जारी अतीक अहमद को सात धाराओं में दोषी करार दिया गया है। अतीक की सजा पर बहस चल रही है। अतीक के वकीलों ने बीमारी का हवाला दिया है। कुछ देर में अतीक अहमद को सजा सुनाई जाएगी।अतीक समेत तीन दोषी करार- उमेश पाल अपहरण मामले में माफिया अतीक अहमद, उसके करीबी शौलत हनीफ और दिनेश पासी को जिला न्यायालय की एमपी एमएलए विशेष न्यायाधीश डॉक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला ने दोषी करार दिया है। विशेष अदालत ने आईपीसी की धारा 364 ए के तहत दोषी पाया। तीनों दोषियों को ढाई बजे सजा सुनाई जाएगी। विशेष अदालत ने बाकी सभी सात आरोपियों को इस मामले में दोषमुक्त कर दिया है। अतीक का भाई अशरफ भी दोषी नहीं पाया गया है। इन आरोपियों को कोर्ट ने दिया दोषी करार-उमेश पाल अपहरण कांड में कोर्ट ने अतीक अहमद, दिनेश पासी और खान शौकत हनीफ (अधिवक्ता) को दोषी करार दिया है। बाकी सात अभियुक्तों को कोर्ट ने बरी कर दिया है। फैसला सुनते ही अतीक ने अपने सिर पर हाथ रख लिया।माफिया अतीक अहमद दोषी करार-उमेश पाल अपहरण केस में कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने माफिया अतीक अहमद और अशरफ समेत सभी 11 आरोपी दोषी करार दिए गए हैं। थोड़ी देर में सजा का एलान हो सकता हैअतीक और अशरफ को कोर्ट लेकर पहुंची पुलिस माफिया से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद को लेकर पुलिस प्रयागराज की स्क्क-स्क्र कोर्ट पहुंची। कोर्ट के बाहर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई।

# सारस से अखिलेश की मुलाकात: सपा अध्यक्ष बोले- नवरात्र पर न खिलाए अंडे...भाजपा बुरा मान जाएगी



आरिफ से लेकर कानपुर के चिड़ियाघर शिफ्ट किए गए राजकीय पक्षी सारस को लेकर राजनीति तेज हो गई है। इस बीच मंगलवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सारस से मिलने पहुंचे। उन्होंने चिड़ियाघर के निदेशक और रेंजर से सारस का हालचाल लिया। साथ ही भाजपा पर तंज कस दिया उत्तर प्रदेश में इस समय सारस को लेकर राजनीति तेज हो गई है। सपा-भाजपा दोनों आमने-सामने हैं और एक-दूसरे पर हमला बोल रहे हैं। इस बीच मंगलवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव सारस से मिलने चिड़ियाघर पहुंचे। उनके साथ सारस को दोस्त आरिफ भी मौजूद था। चिड़ियाघर में अखिलेश यादव और आरिफ ने सीसीटीवी पर सारस को देखा। उन्होंने कहा कि नवरात्र पर सारस को अंडे न खिलाए, वरना भाजपा बुरा मान जाएगी। मैं जिससे मिलने जाता हूं...भाजपा उसी पर कारवाई कर देती है। उन्होंने कहा कि आरिफ ने घायल पक्षी का पूरा इलाज कराया और उसका ध्यान रखा। उसकी सराहना करने की बजाय आरिफ को परेशान किया जा रहा है। बता दें कि सपा अध्यक्ष ने चिड़ियाघर में लगभग एक घंटे का समय व्यतीत किया। इस दौरान उन्होंने मानू (गेंडा) को केला खिलाया। बघीरा बाघ को भी देखा औ उसकी जानकारी भी ली।

### निदेशक और रेंजर से ली जानकारी

बाड़े के आगे इतनी भीड़ को देखकर बघीरा बाघ आक्रामक हो गया था। उन्होंने शुतुरमुर्ग को भी देखा। अखिलेश ने निदेशक केके सिंह और रेंजर नावेद इकराम से जानवरों, उनके खानपान, दिनचर्या आदि की जानकारी ली। साथ ही, वन्य जीवों के संरक्षण की व्यवस्था को देखकर अधिकारियों की सराहना की।

अमिताभ बाजपेई को सारस से नहीं मिलने दिया

बीते दिन सपा विधायक अमिताभ बाजपेई कानपुर चिड़ियाघर पहुंच गए। उन्होंने डायरेक्टर से सारस पक्षी से मिलने के लिए कहा, लेकिन क्वारंटीन होने के चलते विधायक को पक्षी से मिलने से रोक दिया गया। विधायक ने कानपुर चिड़ियाघर के डायरेक्टर केके सिंह से मुलाकात कर सारस के लिए खाने-पीने का सामान सौंपा।

### राजनीति में पक्षियों का क्या जुर्म

विधायक ने योगी सरकार पर आरोप लगाया कि अभी तक इस सरकार में नेताओं और कार्यकर्ताओं को कैद किया जा रहा था। अब पक्षियों को भी कैद किया जा रहा है। ये सही नहीं है। सारस को इसलिए कैद किया गया, क्योंकि सरकार को लगा कि उसने भी कोई धर्म विशेष अपना लिया है। सरकार को ऐसी मंशाओं से दूर रहना चाहिए। बता दें कि फरवरी में अमेठी के मो. आरिफ और सारस की दोस्ती सोशल मीडिया पर छा गई थी। ठीक उसी तरह अब उनका बिछड़ना भी सुर्खियों में बना हुआ है। सारस को आरिफ से जुदा कर कानपुर प्राणी उद्यान लाया गया है। उसने दो दिन में सिर्फ जीवित रहने भर का खाना खाया है। इसके बाद कीपर और डॉक्टर ने उसे काफी फुसलाने की कोशिश की, लेकिन सारी कवायद फेल रही। सारस दिनभर उदास एक कोने में बैठा रहा। क्वारंटीन रहने तक चिड़ियाघर प्रशासन ने उससे मिलने पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। इतने दिनों से खुले आसमान में उड़ रहे सारस को अब चिड़ियाघर का बाड़ा रास नहीं आ रहा हैं।

## संपादकीय Editorial

### Possible reinstatement of Rahul Gandhi

The chapter of Congress leader Rahul Gandhi will continue for a long time. There will be many milestones and twists. Strong reactions of Congressmen are coming out. Crushing the opposition is also not a democracy. The name 'Rahul Gandhi' is not going to die out, though he has been less popular than PM Modi. Suddenly Rahul Gandhi's Lok Sabha MP was cancelled. Now he is a former MP and is also disqualified from contesting elections for six years. After so many years, how much his political career remains or what shape it takes is a big question. Of course, the lower court has declared him a sentence of two years and a fine of Rs 15,000, but gave bail as well as 30 days for appeal. At least till that period Rahul Gandhi's parliament should not have been cancelled. There was no such sky falling or there was no such situation of disaster that an elected MP would be sacked and thrown out of the Lok Sabha! Of course, Rahul Gandhi was a nominal MP-leader of the opposition camp. However, his acceptance was not universal. There was no possibility that the BJP's Lok Sabha seats would have reached the edge of defeat or that Prime Minister Modi would have managed to win 350 seats had Rahul been there. The Constitution Bench of the Supreme Court had provided for a two-year sentence to disqualify such an MP or MLA, but the question is if the High Court and Supreme Court verdicts differ and reduce or quash the two-year sentence. If she does, will Rahul Gandhi's MP have to be reinstated? Can the court go beyond the constitutional decision of the Lok Sabha Speaker? There is also the question of democracy, on which the debate has been going on in recent times. The reference is to the election assembly of Karnataka in 2019.

Rahul Gandhi has also been in the news for his controversial statements. In those days there was a lot of discussion about economic scamsters and fugitives like Nirav Modi, Lalit Modi etc. Rahul Gandhi's question was that why the surname of all the 'thieves' is Modi only? There may be some difference in words, but the feeling was the same. The campaign of 'Chowkidar Chor Hai' in the name of Prime Minister Modi was also started by Rahul Gandhi's Congress. Of course whatever political meaning may be taken out, but Rahul could have been forced to apologize in the defamation case. The courts had done the same before. The reality is also that Rahul Gandhi had definitely insulted a community and the Prime Minister by targeting it. After the decision of the court and the decision of the Lok Sabha secretariat, it seems that the death anniversary of democracy has been read by terminating Rahul Gandhi's parliament. Its consequences can be anything. The BJP leadership will be under the illusion that the entire Congress party can be destroyed by ending Rahul's parliamentarianship. In the 2019 general elections also, about 12 crore people had voted for the Congress and it has governments in three states. Elections are going on in many states right now. Foremost among them is Karnataka, where there is an almost direct Congress-BJP fight. Dismissal of the membership of any elected MP is the final culmination. This is the demand of democracy and constitution. The opposition has also condemned the dictatorial attitude of Prime Minister Modi and the BJP and the speaker. By doing this, the ruling party has tried to stifle the voice of democracy and opposition. If we look at the electoral history of independent India, even more lewd, obscene, indecent abuses have been given, but the membership was not abolished. RJD president Lalu Yadav, Samajwadi Party leader Azam Khan's parliamentary membership has been abolished, the reason being that they were involved in many criminal and scam cases.

# Markets: Gold shines amidst uncertainty, increased brightness due to recession in America

There is no epidemic yet, but the Russia-Ukraine war, the lockdown in China, the sound of recession in America and the rise of the dollar have increased the shine of gold. Again spreading its luster. After the collapse of two US banks, the markets are trembling and everyone is waiting for the next step of the US Federal Bank. Gold continues to shine even in this uncertain environment. Not only in India, gold has been considered a true companion of bad times for centuries all over the world. Whenever there is a crisis in the world, such as wars, natural disasters or epidemics, then gold shines and stands like a wall of protection for those who have invested in it. During the pandemic, lakhs of people sold their gold to run their homes. There is no epidemic yet, but the Russia-Ukraine war, the lockdown in China, the sound of recession in America and the rise of the dollar have increased the shine of gold. It has gone up to Rs 60,000 per 10 grams. In the international markets, it has crossed $ 2,000 per ounce and has come down at the moment, but nothing can be said about its flight. Actually the whole game depends on the interest rates of the Federal Bank of America. In order to prevent inflation in the past, this central bank of America increased the interest rates several times. The rationale behind raising interest rates is to reduce the withdrawal of money from the banking system and keep prices under control, but this time nothing like this has happened and now there are indications that the Federal Reserve has abandoned the idea of raising interest rates. Have given. This may lead to a rise in gold prices, as monetary policies have failed to fight inflation, in which case, investors may buy more gold. According to Goldman Sachs, gold could go up to $2,050 an ounce in the next one year. Gold has gained momentum as the dollar is no longer strong. It is worth noting that gold has an inverse correlation with the dollar, which means that when the dollar rises, gold falls. Now experts are assuming that gold will rise again. Due to low interest rates, people invest in gold in America-Europe, due to which its price keeps increasing. Gold has never disappointed investors. Its value has been increasing gradually. In the year 2010, the price of gold in the country was Rs 18,500 per 10 grams, which increased to Rs 52,000 in 2020. Apart from economic reasons behind its becoming increasingly expensive, there are natural calamities, a major reason is that gold is a rare metal, whose production is limited. The businessmen engaged in its mining control the production from time to time, so that its production does not increase much and the demand remains intact. We Indians have been crazy about gold since centuries. There were also many big gold mines here till the medieval period. Then our traditions are such that buying gold is also a compulsion. Apart from buying gold on festivals like Akshaya Tritiya, Dhanteras, we also buy gold in the marriage of our daughters. Women buy gold ornaments to enhance their beauty. It is considered good to buy gold even for bad times to come. India is the second largest gold importer in the world and has been the world's largest importer for many years. Now that there is about 15 percent tax on gold here, its price has become more than international markets and smuggling has increased a lot. However, gold prices do not seem to be falling much and in the circumstances, gold prices are not going to fall much below today's level. The prosperity that has come in the country has affected the sale of gold as well and will continue to affect it. The purchase of gold did not decrease despite its rising prices. Gold is also a beautiful medium for people to show their wealth, so its fans are in crores.

## Role of teachers, so that their image improves and they become role models for future generations

This initiative of the Ministry of Education is welcome that under the new education policy, the state governments will have to guarantee that they will not engage teachers in non-academic work. It is possible that on the request and order of the Union Ministry of Education, the state governments will agree that they will not engage teachers in non-academic work, but they will be able to guarantee it only when they take the help of other departments for those works. Which are still handed over to the teachers. It has been said for a long time by the Union Ministry of Education, various High Courts, Education Boards and teachers' organizations that teachers should not be used for non-academic work, but the result is It is only with three leaves. The truth is that as the emphasis continued that teachers should not be engaged in other works, the process of spending them in works other than teaching continued. This situation prevailed in almost all the states of the country. This is because it has become a practice to assign non-academic work to teachers. Is it to be expected that on the initiative of the Ministry of Education, the state governments will come forward to guarantee that teachers will not be entrusted with any responsibility other than teaching? This is an unanswered question at the moment, but the state governments will have to give a positive answer to it. Spending teachers in other works other than education is a way of deliberately ignoring the importance of education. State governments should stop this neglect with immediate effect. There is no justification that every new work should be handed over to the teachers. According to an estimate, in some states, teachers are engaged in more than a dozen such works, which have no direct relation with education. Just as the state governments are expected not to engage teachers in non-academic work, similarly teachers are expected to perform their duties of teaching with dedication. They have the great responsibility of molding the future generation and especially of building its character. One can understand that due to various reasons this responsibility is not being fulfilled. Perhaps this is the reason why the image of teachers in the society is not the same as it used to be at one time. It would be good if the state governments, teachers' organizations, schools and teachers themselves consider such measures to improve the image of teachers and make them role models for future generations. It is also the responsibility of the teachers to introduce the students to such people who can become role models for them and they can become better citizens.

## Crime hovering around

Two incidents of theft and dacoity in Una have given new meaning to the challenges of law and order. There are some commonalities in both the cases and within these the society can also gather some messages for itself. An attempt has been made to loot the loneliness of an elderly couple near Chintpurni and mother-daughter near Una. The way the robbers are carrying out the robbery in a planned manner, it proves that now Himachal has also become sensitive in the category of organized crime. Such situations will not emerge only under the watch of law and order, it is impossible, rather such canker sores will continue to grow in the fragmented chapters of the society. Social watchdogs had previously established a sense of community within the confines of self-preservation and shared heritage where a wall of vigilance stood up that did not allow the disabled or helpless person to feel alone. The irony is that now there are so many fissures in the social fabric, so much arrogance and fragmentation of self-fulfilling lives that we are searching for personal milestones of success in the distance of the new pattern of relationships that do not know each other. In both these incidents, there are signs of the next century, so they have to be analyzed in depth. From the point of view of law and order, Himachal will have to change the whole practice of police management amid instructions to change its ways. Now there has to be at least a change in the traditional thinking that Himachal's economic aspects, social ambitions, youth behavior, sources of income and threats arising out of the continuous spread of information technology will not be addressed in a general way. The reflection of Himachal's progress has not only enriched life but has also changed the structure of the entire state. Here the circumstances from village to city want a uniform system, so in this form the police will have to increase their security circle. Till some time ago, the state which used to choose a peaceful break at night, is now improving its economic stories with round the clock activism. Such mechanisms are present in the pond of information, which are weaving the fabric of their criminal designs against the law and order. In such a situation, arrangements for highway patrolling, police information system, rapid action force and night vigil will have to be increased to prevent security breaches. Now the criminal finds victims through information technology and deceives with his own methods. and industrial areas. How long will we ignore the threats arising out of increasing economic crimes and illegal drug business in the state. If there is a police system defining the estimated population of five lakhs in an area like BBN, then round the clock patrolling is required to guard all the border areas. Both the incidents of Una are pointing out where we cannot prove the challenge of crime with any one conclusion. If social loneliness is considering elders, single women or women's compulsions to be safe only with the support of the government, then this Mughalism should go away immediately. There is a need to look at such section of the society with safe eyes and it requires initiative of local bodies, social organizations, administrative schemes and social intervention. Apart from a detailed study on the social and economic impact of increasing crimes in Himachal, there is a need to make the families left on such dividing lines feel safe due to social harmony.

# अवैध ई-रिक्शा शहर में दिखायी न पड़े इसको अभियान चलाकर समाप्त किया जाये



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच मुरादाबाद - कमिश्नर श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में प्रथम मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन द्वारा वर्तमान मे सड़क दुर्घटनाओ तथा ब्लैक स्पॉटो के सम्बन्ध मे जानकारी दी तथा बैठक में दुर्घटनाओं की संख्या, दुर्घटना के फलस्वरुप मृतकों की संख्या एवं घायलों की संख्या पर विचार विमर्श किया गया। मण्डलायुक्त ने निर्देशित किया कि कार्य योजना बनाकर दुर्घटनाओं की संख्या में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाया जाए एवं दुर्घटनाओं व मृतकों की संख्या में कमी लाई जाए। इसके लिए ब्लैक स्पॉट्स पर विशेष ध्यान दिया जाए। पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधारात्मक कार्यवाही के साथ-साथ दीर्घकालिक सुधारात्मक कार्यवाही संपादित करना सुनिश्चित करें। मण्डलायुक्त ने कहा कि एनएचएआई एवं ट्रेफिक पुलिस समन्वय के साथ कार्य करे। एनएचएआई एवं लो0नि0वि0 टूटी हुई डिवाइडर को भी दुरुस्त कराएं। जनपदवार लम्बित दुर्घटना प्रकरणों में रामपुर में सबसे ज्यादा प्रकरण लम्बित होने पर मण्डलायुक्त ने निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि मण्डल में कार्यक्रम के अन्तर्गत दो नेक आदमी चिन्हित किए गये जिन्हें पुरस्कृत किया जाएगा, इस पर आयुक्त ने कहा कि इसका प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि और लोग भी जागरुक हों और आगे बढ़कर हिस्सा लें। नेक आदमी के विषय में समस्त सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों पर गाइडलाइन को डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाए तथा जारी दिशानिर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। मण्डलायुक्त ने कहा कि अवैध ई-रिक्शा शहर में कहीं भी दिखायी न पड़े इसको अभियान चलाकर समाप्त किया जाये, जनपद अमरोहा में ई-रिक्शा का रुट चार्ट निर्धारित न होने पर वहां के आरटीओ को रुटचार्ट का निर्धारण करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में डीआईजी श्री शलभ माथुर, अपर आयुक्त प्रशासन श्री बी0एन0 यादव, अपर जिलाधिकारी (नगर) श्री आलोक वर्मा, एसपी ट्रैफिक श्री सुभाष गंगवार, आरटीओ राकेश कुमार सिंह मुरादाबाद, आरटीओ बिजनौर, आरटीओ अमरोहा, ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन मुरादाबाद, एलडीएम मुरादाबाद विशाल दीक्षित, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा, एमडीए, स्वास्थ्य, एनएचएआई, मद्य निषेध, ट्रेफिक पुलिस, परिवहन निगम, नगर निगम, विद्युत विभाग व अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुराने वादों को जल्द से जल्द निस्तारित किया जाये-कमिश्नर



दैनिक क्यूं न लिखूं सच मुरादाबाद - मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने कलेक्टेªट परिसर स्थित अधिष्ठान व कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में भूलेख अभिलेखागार, संयुक्त कार्यालय, ए0डी0एम0 प्रशासन न्यायालय, नजारत, पुस्तकालय, राजस्व विभाग व अन्य अधिकारियों के कार्यालयों का मण्डलायुक्त ने निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों को व्यवस्थित तरीके से रखने और कार्यालयों में आने वालों काम को प्राथमिकता और तत्परता से करने के निर्देश दिए। संयुक्त कार्यालय में पटल सहायक को फाइलों को वार्षिक क्रमानुसार रखने के निर्देश दिए तथा सबसे पुराने वाद के बारे में जानकारी ली। मण्डलायुक्त ने पुस्तकालय में गजेटियर व्यवस्थित करने के संबंध में जानकारी ली। मण्डलायुक्त ने कहा कि निरीक्षण के दौरान छोटी-छोटी कमियों को इंगित कर दिया गया है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि फाईलों का जल्द से जल्द निस्तारण किया जाये तथा पत्रावलियों का रख-रखाव इस तरीके से हो कि हम तत्काल उसको ढूंढ सके और कोशिश की जाए कि कार्यों को और बेहतर करने की कोशिश की जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री सुरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर श्री आलोक कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त श्री युगराज सिंह, एसडीएम सदर, नाजिर व अन्य कलेक्टेªट के पटल सहायक उपस्थित रहें।

# कमिश्नर की अध्यक्षता में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की 132वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न




दैनिक क्यूं न लिखूं सच मुरादाबाद - आज मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की 132वीं बोर्ड बैठक मुरादाबाद विकास प्राधिकरण सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डलायुक्त ने विकास शुल्क में प्रगति अच्छी होने पर एमडीए को बधाई दी और उन्होंने कहा कि एमडीए प्रशमन शुल्क की प्रगति पर भी ध्यान दें। कमिश्नर ने नगर निगम/आवास विकास के सम्बन्धित अधिकारी से अवस्थापना मद में धनराशि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नया मुरादाबाद में भी एमडीए लोगों को जागरुक करें तथा खेलकूद और पुस्तकालयों के संबंध में भी एमडीए लक्ष्य बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि एमडीए ऐसे पहलुओ को भी चिन्हित करें जिससे एमडीए की आय में बढोत्तरी हो सके। मण्डलायुक्त ने कहा कि जरुरी पदों पर जहां किसी तरह की एक्सपर्टिज की जरुरत हों उन पदों को जल्द से जल्द भरा जाएं और एक कमेटी बनाकर उचित प्रक्रियानुरुप पदों को भरें। उन्होंने कहा कि बेहतर छवि व क्रियाशील लोगों को प्राथमिकता दी जाए। बैठक में मण्डलायुक्त ने एमडीए को दिव्यांगों के अनुरुप एक गलियारा बनाने का भी सुझाव दिया। बैठक में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, वीसीएमडीए श्री शैलेन्द्र सिंह, सचिव एमडीए, नगर आयुक्त श्री संजय चैहान, प्रबन्ध निदेशक जल निगम, प्रतिनिधि सचिव वित्त उ0प्र0 शासन, क्षेत्रीय प्रबन्धक यूपीएसआरटीसी, एआरटीओ सहित एमडीए के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

# स्वास्थ्य विभाग की टूटी नींद, सार्वजनिक स्थानों पर कोरोना जांच शुरू

अरविन्द कुमार यादव

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच मुरादाबाद-महामारी कोरोना को लेकर अब तक लापरवाह रहे स्वास्थ्य विभाग की नींद अंततः टूट गई है। हालात की गंभीरता भांप स्वास्थ्य विभाग ने एक तरफ जहां सैंपलिंग के अपने दावों को धरातल पर उतारा, तो दूसरी तरफ उच्चाधिकारियों ने जांच का दायरा और बढ़ाने का आदेश दिया है।



कोरोना व एच3एन2 इंफ्लूएंजा के मामले बढ़ रहे हैं। बीते दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी लोगों को कोरोना नियमों का पालन करने की अपील की थी। स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि सभी सीएचसी-पीएचसी व जिला अस्पताल में खांसी जुकाम और सांस के मरीजों की सैंपलिंग की जा रही है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन व बस स्टेशन पर भी टीम बाहर से आने वालों की जांच चल रही है, लेकिन जब शनिवार को टीम ने रेलवे व बस स्टेशन और इंपीरियल तिराहा पर पहुंचकर कोरोना की सैंपलिंग की पड़ताल की तो स्वास्थ्य विभाग की पोल खुली। मौके पर टीम नदारद थी। जबकि शासन ने गाइडलाइन जारी कर सैंपलिंग का दायरा बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं। इस बाबत जब सीएमओ डॉ. एमसी गर्ग से वार्ता की तो उन्होंने मामले की जांच करने के निर्देश दिए। जिसके बाद सोमवार से सार्वजनिक स्थानों पर कोरोना की सैंपलिंग के लिए टीम तैनात कर दी गई। सोमवार को कुल 326 लोगों के सैंपल लिए गए है। जिन्हें जांच के लिए मेरठ मेडिकल भेजा जाएगा। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि जांच का दायरा बढ़ाया जाएगा। लोगों से स्वयं भी सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। कहा कि इस समय कोरोना मामलों में वृद्धि हो रही है। इसलिए लोगों को स्वयं भी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना होगा।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# महानगर में स्मार्ट सिटी मिशन के कार्य में तेजी कराएं, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के पदाधिकारियों ने की मांग



अरविन्द कुमार यादव

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच मुरादाबाद- व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के पदाधिकारियों ने महानगर में स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यों में सुस्ती और लापरवाही दूर करने की मांग की। अध्यक्ष विजय मदान के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने मंडलायुक्त व नगर आयुक्त को संबोधित ज्ञापन अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह को दिया। ज्ञापन के माध्यम से पदाधिकारियों ने कहा कि बुध बाजार में इंपीरियल चौराहे तक अतिक्रमण हटाने में किए गए तोड़फोड़ के बाद सब कुछ अस्त व्यस्त होने से व्यापारियों को कारोबार में असुरक्षा हो रही है। उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका स्पर्श आहूजा व अन्य के मामले में पारित आदेश का पालन कराने सहित चार सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में संदीप मेहता, उपाध्यक्ष अजय नारंग, नीरज बंसल, नीरज गुप्ता, संदीप बजाज, अजय कक्कड़, नीरज नारंग आदि शामिल रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

## मनोज कुमार वर्मा के छत्तीसगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत किए जाने की तैयारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी मनोज कुमार वर्मा जी के छत्तीसगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत किए जाने की तैयारी। । छत्तीसगढ़ पत्रकार संरक्षण संगठन ।। भारतीय मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सेल के माननीय श्री मनोज वर्मा जी के रायपुर छत्तीसगढ़ आगमन पर संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं समाज सेवी संगठन की ओर से भव्य स्वागत किया जाएगा। कार्यक्रम किए जाने की तैयारी की गई है। इस अवसर पर संगठन की महिला पत्रकार एवं समाजसेवी श्रीमती भामा साहू जी ने बताया की श्री वर्मा जी छत्तीसगढ़ के बजट में पत्रकारों के हित में पत्रकार सुरक्षा विधेयक 2023 पारित किए जाने पर छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन सौंपने के लिए पत्रकार प्रतिनिधि मंडल के साथ मुख्यमंत्री जी से एवं संबंधित मंत्रियों से भी मिलेंगे। श्रीमती साहू जी ने बताया की श्री वर्मा पत्रकारों के साथ साथ मजदूरों के लिए छत्तीसगढ़ में समाजसेवी के नाम से जाने जाने लगे है क्योंकि लॉकडाउन के समय में लगातार मुंबई में हजारों छत्तीसगढ़िया लोगों को खाने पीने से लेकर घर तक पहुंचाने तक निश्वार्थ काम करने वाले छत्तीसगढ़ के एकलौते पत्रकार एवं समाजसेवी है जो मुम्बई जैसे महानगर में काम करने में ख्याती प्राप्त किया । आपको बताते की उन्हे इस काम के लिए कई राज्यों से अवॉर्ड भी दिया जा चुका है लेकिन उनके ही राज्य में उन्हें अब तक उनके साहसिक कामों को अनदेखा किया जा रहा है उन्हे अब तक दिल्ली, उत्तराखंड( हरिद्वार ), मध्यप्रदेश,एवं महाराष्ट्र , में कई संगठन द्वारा अवॉर्ड दिया जा चुका है स्वागत सम्मान करने वालों में सर्व श्री राज साहू ( छालीवुड सुपरस्टार एवं फिल्म डायरेक्टर ) श्रीमती भामा साहू राष्ट्रीय पार्षद एवं चैयरमैन महिला सेल छत्तीसगढ़,चंदू तांडी युवा पत्रकार कमल बांधे पत्रकार खिलेश्वर साहू पत्रकार, चंद्र शेखर मेहर जिलाध्यक्ष रायपुर , दुर्गेश वर्मा पत्रकार, रंजना चौहान, पुष्पा साहू,पार्वती विराम भाटापारा, सरस्वती मार्कण्डेय रायपुर ,उमाशंकर निषाद, घना राम साहू, देवनाथ वर्मा भाटापारा,दुष्यंत वैष्णव,सैलेश बनिक पखांजूर कांकेर, एवं कई पत्रकारों की शामिल होंगे।

## नेता कोई भी हो परन्तु संवैधानिक नियमों एवं मान मर्यादाओं के तहत ही होनी चाहिऐ कार्यवाही -डी.पी.यादव

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री एवं यदुकुल पुर्नजागरण मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी.पी.यादव ने आज एटा कासगंज रोड पर 43 वीं पीएसी वाहिनी के सामने अपने समर्थकों के द्वारा भव्य स्वागत होने के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुऐ कांग्रेस के बडे लीडर राहुल गांधी को एक निचली अदालत द्वारा दो वर्ष की सजा सुनाऐ जाने के बाद तुरन्त लोकसभा स्पीकर ओम बिडला द्वारा संसद की सदस्यता से अयोग्य ठहराऐ जाने के प्रश्न पर बोलते हुऐ कहा कि किसी भी राजनैतिक पार्टी का नेता कितना ही बडा क्यों न हो ,उसके विरूद्द संवैधानिक नियमों एवं मान मर्यादा के तहत कार्यवाही अवश्य की जानी चाहिऐ परन्तु सत्ता का दुरूपयोग कर यदि किसी जनप्रतिनिधि को भ्रष्टाचार के प्रकरण पर उसकी आवाज को दबाने के लिऐ लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है तो स्वस्थ लोकतंत्र के लिऐ ऐसी कार्यवाही घातक है ! बाहूबली डी.पी. यादव ने कहा कि राहुल गांधी भारत में सबसे बडी विपक्षी राजनैतिक पार्टी के लीडर हैं , यदि उन्होने भ्रष्टाचार के प्रकरण पर भारत के पीएम नरेन्द्र मोदी व अदाणी को सार्वजनिक तौर पर मिली भगत होने का आरोप लगाया था तो इसके लिऐ संवैधानिक नियमों के अन्तर्गत संयुक्त संसदीय समिति से जांच करा लेनी चाहिऐ थी ! दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता ! लेकिन सदन के अन्दर किसी भी सदस्य को बोलने का मौका न देना एवं संयुक्त विपक्ष की मांग पर जेपीसी का गठन न होना भी लोकतंत्र पर कुठाराघात है ! इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन ( भानू )के राष्ट्रीय सगठन मंत्री राजू आर्य व सपा के कद्दावर लीडर जहीर अहमद मौजूद रहे !

### संक्षिप्त समाचार

## दहेज़ हत्या के मामले में दो आरोपियों को 10 साल की सजा

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते दहेज़ हत्या के मामले में दो आरोपियों को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय से 10-10 वर्ष कठोर कारावास एवं 15,000-15000 रूपये के जुर्माने की मिली सजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए-आज दिनांक 27.03.2023 को अभियुक्त 1-ओमकार सिंह पुत्र छेटे लाल 2-श्रीमती सर्वेश कुमार पत्नी ओमकार सिंह निवासी गण धर्मगढी बैरिहार थाना सकरौली एटा संबंधित मु0अ0सं0 45/2008 धारा 498ए,304बी भादवि व 3/4 दहेज अधिनियम थाना सकरौली एटा को दाषी पाते हुए मा0 न्यायालय स्पे0 एनडीपीएस एक्ट एटा द्वारा अभियुक्त गण को 10 वर्ष कठोर कारावास एवं 15000-/रू0 अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## जनपदवासियों को मिली दो नई रोडवेज बसों की सौगात



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- बस स्टेण्ड पर पहुचे भाजपा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड का फूल मालाओं से हुआ जोरदार सौगात। भाजपा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड ने हरी झंडी दिखाकर बसों को किया रवाना। एटा-दिल्ली मार्ग पर दौड़ेगी नई दो रोडवेज बसें। आने वाले समय एटा डिपो को मनई बसें और मिलेंगी - विधायक दो नई बसों के अलावा एटा-मथुरा सेवा भी की गई शुरू। पूजा पाठ के साथ भाजपा सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, एआरएम राजेश यादव और एआरटीओ सतेंद्र सिंह और यातायात प्रभारी बचान सिंह शाक्य ने नारियल फोड़ किया सुभारम्भ। कार्यक्रम के दौरान भाजपा विधायक, एआरएम, एआरटीओ और यातायात प्रभारी सहित आदि कर्मचारी रहे मौजूद।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## गैंगस्टर एक्ट में छह लाख आठ हजार की संपत्ति कुर्क

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-कासगंज,अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व जुआ सट्टा में संलग्न का गैंगस्टर एक्ट में छह लाख आठ हजार की संपत्ति कुर्क। पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जुआ सट्टा तथा नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पटियाली कासगंज के ग्राम रमपुरा निवासी प्रदीप पुत्र जदुनाथ सिंह के खिलाफ गिरोह बनाकर कर जघन्य अपराध कारित करके अवैध संपत्ति एकत्र कर ली गई जिसके संबंध में थाना पटियाली पर मुअसं 297/2022, धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में थाना पटियाली द्वारा अर्जित अवैध संपत्ति के जब्ती करण के लिए धारा 14( 1 ) की रिपोर्ट जिलाधिकारी कासगंज को प्रेषित की गई । उपरोक्त आधार पर जिलाधिकारी कासगंज ने उक्त रिपोर्ट के क्रम में 24मार्च को पारित आदेश के अनुसार प्रदीप की पत्नी रेनू देवी के नाम पर अवैध चल संपत्ति ईको 7एस टी आर कार यू पी 27 यू 1396 पटियाली पुलिस द्वारा जब्त कर ली गई

## जनपद में पत्रकारों की सुरक्षा सम्मान का ध्यान रखने हेतु जिलाधिकारी एटा करेंगे पत्र जारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- एटा डीएम का सराहनीय कदम जनपद में पत्रकारों की सुरक्षा सम्मान का ध्यान रखने हेतु जिलाधिकारी एटा करेंगे पत्र जारी एटा । उत्तर प्रदेश में बढ़ते पत्रकार उत्पीड़न को लेकर जनपद एटा के पत्रकारों ने एकजुट होकर श्रीमान जिला अधिकारी महोदय अंकित कुमार अग्रवाल को माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के नाम ज्ञापन सौपा ।इस दौरान नेतृत्व कर रहे बबलू चक्रबर्ती ने श्रीमान जिलाधिकारी महोदय से स्थानीय स्तर के पत्रकारों के मान, सम्मान हेतु आग्रह किया तो जिला मजिस्ट्रेट ने तत्काल समस्त विभागों को आदेश जारी करने का आश्वासन दिया और आदेश से सम्बंधित पत्र जारी करने के निर्देश भी दिये । पत्रकारों ने जिला मजिस्ट्रेट की इस सराहनीय पहल का स्वागत किया और इस सराहनीय कार्य के लिये डीएम एटा की भूरि भूरि प्रसंशा करते हुये उनका धन्यवाद अदा किया । पत्रकारहित में अति सराहनीय निर्णय लेने पर एटा डीएम को पुनः धन्यवाद

## डाकघर में आरडी एजेंट लापता

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- डाकघर में आरडी एजेंट लापता हो गया। इसकी जानकारी के बाद खाताधारक एकत्रित हो गए और पटियाली गेट स्थित डाकघर पहुंचे। जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। एक खाताधारक ने एसएसपी से शिकायत की है। नगर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शहर के सुंदरलाल स्ट्रीट निवासी विनय कुमार जैन एसएसपी से शिकायत करते हुए बताया कि डाकघर पटियाली गेट शाखा में खाता है। 30 अक्तूबर 2021 से तीन लाख 30 हजार रुपये जमा किए थे। मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने खाता से धोखाधड़ी कर रुपये निकाल लिए है। 24 मार्च को जानकारी होने के बाद पीड़ित पटियाली गेट स्थित डाकघर पहुंचे। सोमवार तक भुगतान करने का आश्वासन दिया। एजेंट के लापता होने के बाद सोमवार को काफी खाताधारक एकत्रित होकर डाकघर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने भी मामले की जानकारी ली है। विनय कुमार जैन ने मामले में एसएसपी से शिकायत की है। युवक के गायब होने की जानकारी मिलने पर अन्य लोग भी उपडाकघर पहुंच गए। पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा पीड़ित ने एसएसपी से की शिकायतडाकघर पहुंची पुलिस कई लोगों के जमा किए गए थे रुपये, पुलिस ने जांच शुरू हुई इस तरह कोई भी मामला संज्ञान में नहीं आया है। शिकायत आती है तो जांच कराई जाएगी। पासबुक के जरिए या फिर खाता नंबर पता हो तो खाताधारक डाकघर में आकर खाता देख सकते हैं। डाकघर में रुपये जमा हुए होंगे तो उसकी जिम्मेदारी डाक विभाग की है।-नीलेंद्र कुमार दुबे, डाक अधीक्षक एटा

## एन्युअल फंकशन में उत्तीर्ण छात्रों को दिए अवार्ड

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा- एटा,अलीगंज, । एसपीएस इंटरनेशल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण हुआ। मुख्य अतिथि एसबीएसई सिटी कॉर्डीनेटर राममोहन ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि डॉ. राममोहन, डॉ. राजीव दास, जितेन्द्र यादव, शिवपाल सिंह यादव ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि आधुनिक युग में अभिभावकों को अपने बच्चों को पढ़ाना जरूरी है। नर्सरी के रितु राज शाक्य, माही सिंह, आंशी शाक्य, एलकेजी के वंश, अहसान राजपूत, अलीशाबा, यूके जी के आयिशा मिश्रा, प्रिंस यादव, अलका यादव, कक्षा प्रथम में दीक्षा दिवाकर, आराध्या गुप्ता, कशिश, आईबी कक्षा में संकल्प गुप्ता, रूद्र प्रताप, अभिराज शाक्य, पूर्वी सिंह, सूर्यांश शाक्य, कुंज गुप्ता, विराज अरोरा, शीतिज कुमार, सुन्दरम राजपूत, ययशवी शाक्य, मुस्कान यादव, आन्य मिश्रा, अदव्या गुप्ता, अंकुश यादव, व्यश यादव, मोना हसन, अव्या, सोबिया, नौमन्य आरिफ, रूद्र प्रताप, अनुराग राजपूत, अनुराग, अमन तोमर आदि को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### मनचलों की धमकी से छात्रा ने कॉलेज जाना छोड़ा, मिली तेजाब फेंकने की धमकी

लवकुश ठाकुर- दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ - छात्रा अलीगढ़ के ही कॉलेज से एमए कर रही है। इलाके का एक युवक व उसके कुछ साथी लगातार परेशान कर रहे हैं। वह बाजार में सब्जी खरीद रही थी। तभी उसका हाथ पकड़कर खींचते हुए छेडख़ानी की। विरोध पर तेजाब फेंकने की धमकी दी। अलीगढ़ महानगर के देहली गेट क्षेत्र की एक स्नातकोत्तर छात्रा को शोहदे ने तेजाब के हमला कर झुलसाने की धमकी दी है। इस धमकी के बाद से छात्रा ने कॉलेज जाना छोड़ दिया है। इस मामले में सोमवार को एसएसपी से शिकायत की गई, जिस पर थाना पुलिस को निर्देशित किया गया है। छात्रा ने बताया कि वह शहर के ही कॉलेज से एमए कर रही है। इलाके का एक युवक व उसके कुछ साथी लगातार परेशान कर रहे हैं वह बाजार में सब्जी खरीद रही थी। तभी उसका हाथ पकड़कर खींचते हुए छेडख़ानी की। विरोध पर तेजाब फेंकने की धमकी दी। उस घटना के बाद से उसने कॉलेज जाना छोड़ दिया है। थाना पुलिस को भी तहरीर दे दी। मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। एसएसपी ने शिकायत की गंभीरता को देखते हुए थाना पुलिस को निर्देशित किया है। सीओ ने बताया कि तथ्यों की जांच की जा रही है। उसी आधार पर कार्रवाई तय होगी।

## दुकान बंद कर आया पति, कर दिया बीवी का कत्ल, रोते हुए बेटी ने सुनाई कत्ल की दास्तां

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ - बड़ी बेटी ने अपनी सबसे छोटी बहन को गोद में लिए रोते हुए पूरा घटनाक्रम बताया तो सभी सिहर उठे। बताया कि दुकान बंद कर अब्बू तरावीह पढ़कर घर आए थे। इसके बाद मीट न लाने पर झगड़ा हो गया। अलीगढ़ में रोरावर के माबूद नगर में पाक रमजान माह में पति द्वारा पत्नी के कत्ल की दास्तान सुन हर कोई हैरान था। तीन बेटियों में सबसे बड़ी करीब 8 वर्ष की है, जबकि उससे छोटी 5 वर्ष की और सबसे छोटी गोद में है। बड़ी बेटी ने अपनी सबसे छोटी बहन को गोद में लिए रोते हुए पूरा घटनाक्रम बताया तो सभी सिहर उठे। बताया कि दुकान बंद कर अब्बू तरावीह पढ़कर घर आए थे। इसके बाद मीट न लाने पर झगड़ा हो गया। इधर, पड़ोस के मोहल्ले में रहने वाली मृत गुड्डो की बुआ रुकसाना को जब भतीजी की हत्या की खबर मिली तो वह बिलखते हुए मौके पर पहुंची। मगर तब तक भतीजी खून से लथपथ पड़ी थी। जिसे देख बुआ बदहवास हो गई।

किसी तरह उसे लोगों ने संभाला। बाद में वह तीनों बच्चियों को सीने से लगाए बैठी रही। बेटी को साथ न ले जाने का रहेगा रंज- पिता जहीर ने बताया कि छह दिन पहले वह बेटी की ससुराल ईदी देने आए थे। उस समय बेटी ने ईद पर साथ चलने को कहा था। यह भी इशारा किया था कि पिछले कुछ दिन से दंपती में झगड़ा चल रहा है। इस पर पिता ने ही दलील दी कि ईद ससुराल में ही मनाते हैं। इसके बाद मायके आ जाना। मगर उन्हें क्या पता था कि ऐसा हो जाएगा। अगर जरा भी अंदेशा होता तो बेटी को यहां न छोड़ते। इधर, तीन बेटियां नाबिया, सोफिया, उमरा का मां की मौत के बाद हाल बेहाल था। जिन्हें पोस्टमार्टम के बाद नाना-नानी अपने साथ ले गए। शव को भी पोस्टमार्टम के बाद मायके पक्ष के लोग साथ ले गए। यह था मामला -पत्नी ने मंगाया गोश्त, न लाने पर बढ़ा झगड़ा, पति ने बच्चों के सामने काट डाला महिला का गला

# अखिलेश यादव का बड़ा बयान: बोले- वर्ष 2024 संविधान बचाने के लिए अंतिम चुनाव, BJP को ईवीएम से ही हराना पड़ेगा



राष्ट्रीय खटिक समिति के कार्यक्रम में सपा मुखिया चुनावी मोड में आए। उन्होंने योगी सरकार और भाजपा को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 का चुनाव, संविधान बचाने के लिए अंतिम चुनाव है। साथ ही, बोले कि जातीय गणना से ही रामराज और समाजवाद आएगा। कानपुर में सपा मुखिया अखिलेश यादव लाजपत भवन में आयोजित राष्ट्रीय खटिक समिति के रजत जयंती समारोह में चुनावी मोड में रहे। भाजपा और योगी सरकार को घेरा और पिछड़ी जातियों, जनजातियों, दलितों में एकजुट होने की अलख जगाने की कोशिश की।अपने संबोधन की शुरुआत में ही उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 का चुनाव सामने है। यह बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का संविधान बचाने का आखिरी चुनाव है। इसके बाद भाजपा इसमें क्या बदलाव करेगी पता नहीं। बोले कि जातीय गणना से ही रामराज और समाजवाद आएगा। जातीय गिनती होनी चाहिए और आबादी के हिसाब से लोगों को सम्मान मिले। भाजपा हक छीनना चाहती है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरने की शुरुआत तंज से की। दरअस्ल संचालक ने उन्हें पूर्व सीएम की जगह सीएम कह दिया।

### हिटलर के कार्यकाल की कविता सुनाई

इस पर यादव ने कहा कि उन्हें सुनकर अच्छा लगा। फिर एक किस्सा सुनाया और बोले कि लखनऊ वालों को अच्छा यह अच्छा नहीं लगेगा। कहीं बुलडोजर में डीजल डलवा कर भेज न दें। इसके बाद हिटलर के कार्यकाल को लेकर लिखी गई कविता-पहले वे कम्युनिस्टों के लिए आए थे..., सुनाई।

### वर्ष 2024 के चुनाव पर की चर्चा

फिर सीधे वर्ष 2024 के चुनाव पर आ गए। उन्होंने कहा कि बहुत सावधान रहना पड़ेगा। ये कुछ भी प्रचार कर सकते हैं। अभी भाजपा छठी मनाई थी और कहा कि प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हो गई। किसकी हुई? डीजल, तेल, पेट्रोल, गैस सब महंगी हो गई। डेंगू सबसे ज्यादा वहीं फैला जहां भाजपा के मेयर रहे हैं।

### सपा अध्यक्ष बोले- भाजपा के उद्योगपति मित्रों की आय बढ़ी

कोरोना काल में जब सब घरों में थे भाजपा उद्योगपति मित्रों की आय बढ़ गई। अडाणी का नाम लिए बिना बोले कि एक रिपोर्ट में देश का पैसा डूब रहा है। भाजपा को अपने मित्र का साथ देना चाहिए। एलआईसी, एसबीआई और जनता पैसा बच जाएगा।

### भाजपा को ईवीएम से ही हराना पड़ेगा

फिर तंज किया कि भाजपा कह रही है कि चार फीसदी बेरोजगारी बढ़ी है। भाजपा ने अभी तक टॉप टेन माफिया की सूची जारी नहीं की है। इसमें सब भाजपा से ही जुड़े हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा को ईवीएम से ही हराना पड़ेगा। सारे दल एकजुट हो जाएं।

### कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों की मदद करनी चाहिए

बंगाल, बिहार, तमिलनाडु आदि प्रांतों में क्षेत्रीय दलों की ही सरकार है। कांग्रेस को भाजपा को हराने के लिए क्षेत्रीय दलों की मदद करनी चाहिए। इस मौके पर उन्होंने सीएम योगी के लैप टॉप न चलाने, 46 में 56 यादव वाली बात का भी जिक्र किया।

## हरदोई में भीषण हादसा: कार और ऑटो की भिड़ंत में पांच की मौत, तीन की हालत नाजुक



यूपी के हरदोई जिले में कार और ऑटो की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।

यूपी के हरदोई जिले में मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। हरदोई-लखनऊ रोड पर जयपुरिया स्कूल के सामने बघौली की ओर से आ रहे ऑटो से लखनऊ की ओर जा रही कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में मां-बेटी समेत पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि तीन लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई।बघौली थाना के सारीपुर हीरालाल निवासी हरिशंकर की पत्नी राम दुलारी ( 38 ) तीन वर्षीय पुत्री हर्षिता व सात वर्षीय पुत्र अनुराग के साथ ऑटो पर सवार होकर दवा लेने के लिए हरदोई आ रही थी। इसी बीच रास्ते में कोतवाली देहात क्षेत्र में सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार की ऑटो से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने से मां रामदुलारी व तीन वर्षीय पुत्री हर्षिता, सुरसा थाना क्षेत्र के भटपुरवा निवासी श्याम सिंह ( 40 ), कोतवाली शहर के सांड़ी चुंगी निवासी विनोद का 17 वर्षीय पुत्र अंकुर सिंह एवं 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं घायलों में सात वर्षीय अनुराग, 18 वर्षीय अभिनव और विकास चंद्र का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है।

## नाजायज छूरी के साथ एक गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी इकौना संतोष कुमार के कुशल निर्देशन मे थाना प्रभारी गिलौला मय पुलिस टीम द्वारा अभि0 फिरोज अली पुत्र महताब अली नि0 लक्खीभारी दा0 रामपुरपैड़ा थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को एक नाजायज छूरी के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के विरुद्ध थाना गिलौला मे अभियोग पंजीकृत किया ।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें बैंकों में लंबित स्ट्रीट वेन्डर्स के ऋण आवेदन पत्रों की बैंकवार समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे लंबित आवेदनों का ऋण वितरण कराना सुनिश्चित करे तथा जिन वेंडर्स को क्यू0आर0 कोड नही मिला है, उन्हें तत्काल उपलब्ध कराएं। जिससे डिजिटल लेन-देन कराया जा सके। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि जनपद के दोनो नगर निकायों में वेन्डिंग जोन स्थलों का चयन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना सरकार की बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है, जो गरीबों के लिए वरदान है। इस योजना के अन्तर्गत छोटे व्यवसायी, ब्रेड पकोड़ा, मोमो, चाऊमीन, अंडे बेचने वाले, सड़क के किनारे स्टेशनरी सामान बेचने वाले, छोटे कारीगर, सभी प्रकार के छोटे मोटे खुदरा दुकान वाले कारोबारी, नाई की दुकान चलाने वाले, जूता पोलिश व बनाने वाले मोची, पान बेचने वाले पनवाड़ी, सड़क के किनारे या रेहड़ी पर फल बेचने वाले, कपड़े धोने वाले वाले धोबी की दुकान पर, चाय का ठेला लगाने वाले, सड़क किनारे खाना बेचने वाले, गली गली कपड़े बेचने वाला, फेरी वाले आदि को लाभान्वित करने हेतु चलायी गई है। इसलिये सम्बन्धित विभागीय अधिकारियो/कर्मचारियों का दायित्व बनता है कि उन्हें समय सीमा के अन्तर्गत लाभान्वित किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि न बरती जाए।

# डिस्ट्रिक्ट कोर्टस बार रूम में आयोजित हुआ बीजेपी मेगा मेंबरशिप कार्यक्रम

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



लुधियाना - वकील समुदाय की आने वाले समय में प्रदेश की राजनीति में अहम भूमिका रहेगी। वकील समुदाय समाज का पढ़ा लिखा प्रभावशाली तबका है जिसका समाज पर विशेष प्रभाव है जो समाज की दिशा और दशा तय करता है। आने वाले म्युनिसिपल कारपोरेशन और लोकसभा चुनाव में वकीलों के योगदान को नजरंदाज नहीं किया जा सकता। ये बात बीजेपी के सीनियर नेता और मुकेरियां से विधायक जंगी लाल महाजन ने बीजेपी लीगल सेल लुधियाना की ओर से भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के तहत आयोजित मेगा बीजेपी मेंबरशिप कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम के दौरान बीजेपी लीगल सैल जिला कन्वीनर एडवोकेट के .जी शर्मा के नेतृत्व में सैंकड़ों की संख्या में वकीलों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की देश हित की नीतियों के समर्थन में युवा पीढ़ी एक सर्मथ, सक्षत और आत्मनिर्भर भारत का झंडा बुलंद कर रहे है और आम जनता का समर्थन भारतीय जनता पार्टी को देश व्यापी तौर पर मिल रहा है। जिसके चलते भारी तादाद में युवा पीढ़ी भारतीय जनता पार्टी के साथ जुड़ रही है।

सैंकड़ों की संख्या में वकीलों ने बीजेपी की सदस्यता लेकर एक नए अध्याय की शुरुआत की है।

डिस्ट्रिक्ट कोर्टस काम्प्लेक्स बार रूम में आयोजित बैठक के दौरान बीजेपी लीगल सैल जिला कन्वीनर एडवोकेट के.जी.शर्मा ने बताया कि बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष अश्वनी शर्मा और ज़िलाध्यक्ष रजनीश धीमान के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को भरपूर समर्थन मिल रहा है और हजारों की तादाद में हर रोज नए कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है जिसमें वकील समुदाय पूरे जोर से भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करेगा। आज सैंकड़ों वकीलों ने एक साथ बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करके प्रदेश और जिले के राजनीति को एक नया आयाम दिया है।

इस अवसर पर बीजेपी जिला उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा ने कहा कि पंजाब में चल रहे घटनाक्रम पंजाब में शांति और समृद्धि के लिए भी भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र विकल्प बचा है। सभी समुदाय एकजुट हो कर भारतीय जनता पार्टी की सरकार पंजाब में लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। आने वाले कारपोरेशन और लोकसभा के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी जबरदस्त जीत दर्ज करेगी।

# पंजाब कृषि प्रबंधन और विस्तार प्रशिक्षण संस्थान ने जी20 पर साइड इवेंट का आयोजन किया

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




लुधियाना - जैसा कि भारत जी20 पर अध्यक्षता करता है, पंजाब कृषि प्रबंधन और विस्तार प्रशिक्षण संस्थान , पीएयू कैंपस, लुधियाना द्वारा राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान , हैदराबाद के सहयोग से मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार एक साइड इवेंट आयोजित किया गया है। कृषि और किसान कल्याण,भारत सरकार। जागरूकता कार्यक्रम सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है क्योंकि कार्यक्रम का फोकस 卐महिला नेतृत्व विकास卐 पर है। प्रदर्शनी में महिला उद्यमियों द्वारा विकसित अचार, जैम, हस्त शिल्प, बाजरा आधारित खाद्य पदार्थ आदि जैसे उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गई। राज्य के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रमों में भाग लिया है,

जो कृषि के विभिन्न पहलुओं जैसे खेती, प्रसंस्करण और विपणन में शामिल हैं। प्रदर्शनी ने बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं/खरीदारों को भी आकर्षित किया जिन्होंने इन उत्पादों में गहरी रुचि दिखाई। कार्यक्रम ने कृषि महिलाओं और उद्यमियों के लिए बातचीत करने, ज्ञान साझा करने और एक दूसरे के अनुभवों से सीखने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। आशा है कि आयोजित कार्यक्रम अधिक महिलाओं को कृषि-उद्यमी बनने के लिए प्रेरित करेगा और पंजाब में कृषि क्षेत्र के विकास में योगदान देगा।

# मां-बाप गए खेत पर, घर पर किशोरी रह गई अकेली, युवक पर चाकू के बल पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ - मां-बाप खेत में काम करने गए थे। घर पर करीब 16 वर्षीय पुत्री नवरात्र के चलते व्रत में थी। इसलिए वह घर पर अकेली रह गई। इसी दौरान करीब साढ़े ग्यारह बजे बेटी को अकेली पाकर एक युवक घर में घुस गया। आरोपी ने चाकू के बल पर बेटी को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। अकराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर चाकू के बल पर किशोरी को बंधक बनाकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।किशोरी के पिता ने बताया कि सुबह वह अपनी पत्नी के साथ खेत में काम करने गया था। घर पर करीब 16 वर्षीय पुत्री नवरात्र के चलते व्रत में थी। इसलिए वह घर पर अकेली रह गई। इसी दौरान करीब साढ़े ग्यारह बजे बेटी को अकेली पाकर एक युवक घर में घुस गया। आरोपी ने चाकू के बल पर बेटी को बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। जब वह खेत से रात में घर पहुंचे, तो बेटी ने आप बीती बताई। वरिष्ठ सब इंस्पेक्टर जनमेद सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी अमित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा गया है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना कोतवाली भिनगा का वार्षिक निरीक्षण

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




-श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा थाना कोतवाली भिनगा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्मान गार्द द्वारा सलामी दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वप्रथम थाना कार्यालय पहुँचकर रजिस्टर नंबर 8, अपराध रजिस्टर, एक्टीव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर ,फ्लाई शीट रजिस्टर ,बी0पी0ओ0 रजिस्टर,शस्त्र सत्यापन, आर्डर बुक प्रार्थना पत्र,आर्डर बुक न्यायालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया गया। त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन किया गया जिसमें बीते हुए त्यौहारो की प्रविष्टि अंकित पायी गयी।अभिलेखों का रखरखाव व थाना परिसर की साफ सफाई संतोष जनक रही। परिसर मे खड़े लावारिस तथा मुकदमाती वाहनों का आपरेशन क्लीन अभियान के तहत निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।पुलिस अधीक्षक द्वारा सी0सी0टी0एन0एस0 कार्यालय, थाना कार्यालय ,हेल्प डेस्क, बंदी ग्रह, मालखाना, आरक्षी बैरक, भोजनालय का भी बारीकी से निरिक्षण किया गया ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा बीट पुलिस अधिकारियों की मीटिंग कर समास्याओं को सुना गया। प्रभारी निरीक्षक को थानास्टाफ का नियमित सम्मेलन व उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारण सक्षम स्तर से कराने हेतु निर्देशित किया गया । तत्पश्चात बीट पुलिस अधिकारियों की बीट बुक को चेक किया गया बीट बुक में संभ्रांत व्यक्तियों का नाम व मोबाइल नंबर के साथ साथ क्षेत्र के शातिर अपराधियों का अंकन पाया गया ।सभी बीट प्रभारी/कर्मचारियों को भी निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने बीट में जाकर चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण कराये। तथा बीट में जो भी कार्य किये जा रहे है उसे समयानुसार जी0डी0 में अंकित कराने हेतु निर्देशित किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी बताया गया कि प्रार्थना पत्रों का मौके पर जाकर जाँच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने, सम्मन तामिला, शस्त्र सत्यापन,एच0एस0 की निगरानी आदि करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये ।थाना स्तर पर शिकायत लेकर आने वाले शिकायतकर्ताओं की शिकायत नोट करनें तथा समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया साथ ही साथ थाना कोतवाली भिनगा के अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये ।प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली भिनगा को निर्देश दिया गया कि आरक्षियों को थाना स्तर पर संपादित किए जाने वाले प्रत्येक कार्य के बारे में बेहतर जानकारी दी जाए । थाना परिसर में भ्रमण के दौरान आवासीय भवनों, भोजनालय, शौचालय व उठनें बैठनें के स्थानों को भी स्वच्छ रखनें हेतु निर्देश दिया गया।

# शादी -समारोह में गये सैलून स्वामी को सांड ने किया घायल

प्रदीप गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



बरेली-रिठौरा ।नगर के मोहल्ला इन्द्रपुरी के इल्यास सलमानी एक रिश्तेदार के शादी समारोह में नवाबगंज गये थे। तहसील गेट के निकट एक सांड उठाकर पटक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में दाखिल कराया, जहां जांच में उसके हाथ में फैक्कर निकला है। लगातार गौवंशीय पशु भूख से आक्रामक हो रहे हैं। इससे पहले भी नगर के जान मोहम्मद को भी सांड ने मारकर घायल कर दिया था। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई ।रिठौरा और आस-पास के गांवों में आवारा गौवंशीय पशुओं से किसान बेहाल हैं।

# बस्ती अब लिख रहा है विकास की नई गाथा-योगी

राम कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




बस्ती-बस्ती जनपद पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुबौलिया क्षेत्र के धर्मपुर में पूर्व एमएलसी डॉक्टर वाई डी सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया . इसके साथ ही स्मृति ग्रंथ का भी लोकार्पण कर जनसभा को संबोधित किया जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टर वाई डी सिंह ने काफी बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं . उन्होंने अपने दायित्वों को भली बात समझा और अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन किया है जिसकी वजह से आज उन्हें हम भली-भांति जानते हैं .कहा कि जब भारत का नागरिक ईमानदारी के साथ कार्य करेगा तो निश्चित ही राष्ट्र विकास की ओर बढ़ेगा . उन्होंने कहा कि बस्ती अब विकास की नई गाथा लिख रहा है . जनपद में महाविद्यालय मेडिकल कॉलेज पॉलिटेक्निक और आईटीआई कॉलेज बड़े पैमाने पर खुल रहे हैं . जिससे यहां के युवाओं को अपने नजदीकी क्षेत्रों में ही अच्छी व गुणवत्तापरक शिक्षा प्राप्त हो सके . मुंडेरवा चीनी मिल क्षमता में वृद्धि कर दी गई है . इससे यहां की चीनी सिर्फ वह प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश और दुनिया में अपनी पहचान बनाएगी . इसी चीनी मिल से ही एथेनाल का उत्पादन भी किया जा सकेगा . आने वाले समय में डीजल और पेट्रोल को लेकर निर्भरता खत्म हो जाएगी . चीनी मिल से फाइन शुगर भी निकलेगा . इनके अलावा भविष्य में बिजली उत्पादन की भी संभावनाएं बढ़ेंगी . उन्होंने कहा कि बस्ती के लोगों कोहवाई यात्राओं के लिए भी गोरखपुर और लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा . कुछ ही दूरी पर राम की नगरी अयोध्या में हमें अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुविधा उपलब्ध होगी जिससे हम वहां से देश-विदेश की भी यात्राएं आसानी से कर सकेंगे . कहा कि महर्षि वशिष्ठ की धरती बस्ती को पंचकोशी 14 कोशी और 84 कोशी के परिक्रमा मार्ग को टू - लेन और फोरलेन में परिवर्तन किया जाएगा . ताकि लोगों की बाधाओं को दूर किया जा सके .

कहा कि बस्ती वासियों को अब बाढ़ की विभीषिका से डरने की की जरूरत नहीं है . सरयू नदी की धारा को ड्रेजिंग करके दूसरी तरफ रास्ता देने का कार्य किया गया है . उनकी स्मृतियों से जुड़ी हुई है सरजू नदी . हमें नदी संरक्षण पर भी काम करना है लेकिन ख्याल रखना है कि नदी को जन - धन की भी हानि ना पहुंचे . इस कार्यक्रम को लेकर सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है

# WPL ends with promise of change in Indian cricket, youth gets inspiration

The Women's Premier League (WPL) made an impressive debut and ended on a promising note for India's budding women cricketers but there seems to be a lot of room for improvement after the first season. The WPL was played across two stadiums in Mumbai, featuring some of the world's best cricketers. Barring left-arm spinner Saika Ishaq, not so much local talent came to the fore as was expected. The five-team competition ended on Sunday with Mumbai



Indians skipper Harmanpreet Kaur leading her side to the title. In the final, he faced Delhi Capitals, a team captained by Australian great cricketer Meg Lanning. Mumbai Indians' Ishaq took 15 wickets, while RCB's Shreyanka Patil and Kanika Ahuja made their mark on the big stage, but the gap between the Indian domestic circuit and the best players in the world was stark. Roles and opportunities to play were not found. Harmanpreet, however, expressed hope that the young and 'uncapped' Indian players would be wiser from their experience and understand what they need to do to close the gap between themselves and the overseas players. Delhi head coach Jonathan Batty has a message for the Indian youngsters to work on their game and fitness for the second season.Smriti Mandhana-led RCB have lost five matches in a row. The Indian player admitted that he found it difficult to lead a team full of taller and more experienced players than him. She herself could not contribute with the bat for RCB which has players like Ellyse Perry, Heather Knight, Sophie Devine, Megan Schutt and Renuka Singh. Players such as Healy and Sophie Eccleston have expressed their desire to have 'home and away' matches from next season, which would benefit home fans.

# Left-handed batsman has a great record as an opener in IPL, Dhawan-Warner on top, you will be surprised to see the figures

Openers always lay the foundation of big scores in IPL and you will be surprised to know that left-handed batsmen are on top of the list of highest run-scorers in this league. The festival of cricket IPL is going to start from 31 March. The 16th season of IPL will return to home and away format. This year all the teams will play seven home matches and seven




away matches in the league round. In such a situation, the teams will get the advantage of playing at their home and with the support of the spectators, they will be able to make big scores. Openers lay the foundation for big scores - Openers always lay the foundation for big scores in IPL and you will be surprised to know that the left-handed batsman is the top run-scorer in this league. The top four batsmen in the top seven are left-handers. In such a situation, it would not be wrong to say that left-handed batsmen make a good opener. Let us know in figures. Dhawan and Warner's best record Shikhar Dhawan is on top of the list of highest run-scorers in IPL as an opener. Dhawan has played every season of the IPL and has scored 5837 runs at an average of 35.38 and a strike rate of 127.3, playing only as an opener. Dhawan has scored 6244 runs in 206 matches in IPL, out of which he scored 5837 runs while opening. Left-handed batsman David Warner is also in second place. Warner has scored 5881 runs in 162 IPL matches, out of which he has scored 5226 runs as an opener at an average of 41.48 and a strike rate of 142. Gayle and Gambhir also included in the list Left-handed Chris Gayle is in third place among the most run-scorers. Gayle has scored 4965 runs in overall 142 matches in IPL. Out of this, 4480 runs have been scored by Gayle as an opener. During this, his average was 41.87 and strike rate was 151.4. Gautam Gambhir is in fourth place. He scored a total of 4217 runs in 154 matches in IPL. Out of this, Gambhir scored 3597 runs as an opener. During this, Gambhir averaged 32.12 and had a strike rate of 124.8. Right-handed batsmen are at number five, sixth and seventh in terms of scoring the most runs as an opener. Rahane is at number five. He scored 3595 runs in the IPL as an opener at an average of 34.24 and a strike rate of 122.5. At the same time, KL Rahul is in sixth place with 3389 runs at an average of 52.95 and a strike rate of 139.2 as an opener. Virat Kohli is also in this list and is at number seven. Kohli has scored 2972 runs in the IPL as an opener at an average of 41.86 and a strike rate of 134.5. Kohli is the highest run scorer in this league. He has so far scored 6624 runs in 223 matches in IPL. The IPL will see 70 league rounds of matches played in home and away format across 12 venues over 52 days. The 16th season will begin on March 31 with a match between Gujarat Titans and Chennai Super Kings at the Narendra Modi Stadium in Ahmedabad. IPL 2023 will have 18 double headers ie two matches in a day. In the double header, the day match will start at 3:30 pm and the evening match will start at 7:30 pm.

# Injuries over IPL, more than 12 star players from eight teams injured, RCB-CSK most affected

This time the shadow of injuries on the league is so deep that Delhi Capitals and Kolkata Knight Riders had to change their captains. Delhi has replaced Australia's David Warner as captain this season in place of Pant. Three days are left for the start of the 16th season of the Indian Premier League, but this time many star cricketers are not seen playing in the league due to injury. Will. Where cricketers like Jasprit Bumrah, Rishabh Pant, Johnny Bairstow, Kyle Jameson, Will Jacques, Shreyas Iyer and the famous Krishna are out of the league, cricketers like Josh Hazlewood, Rajat Patidar, Mohsin Khan, Loki Ferguson, Mukesh Chaudhary are playing in it. not decided. Royal Challengers Bangalore and Chennai Super Kings are the teams most affected by the injury of cricketers, while Sunrisers Hyderabad and defending champions Gujarat Titans are the only teams that have not been affected by injuries so far. This time the shadow of injuries on the league is so deep that Delhi Capitals and Kolkata Knight Riders had to change their captains. Delhi has replaced Australia's David Warner as captain this season in place of Pant. At the same time, Kolkata has appointed Nitish Rana as captain in place of Shreyas. Shreyas was injured during the fourth Test against Australia. There is a doubt about his playing. This is the reason why KKR has chosen Rana as the captain. For Kolkata, New Zealand fast bowler Loki Ferguson is also not sure to play in the beginning due to injury. Patidar, Hazlewood have not yet recovered from injuryRajat Patidar, who scored 333 runs at a strike rate of 152.75 for RCB last season, and his main fast bowler Josh Hazlewood are still in doubt. Patidar is undergoing treatment for his heel injury at the National Cricket Academy, while Hazlewood did not play in the Border-Gavaskar Trophy due to injury. Patidar, who scored the fastest century last season, is said to be recovering from the injury but could be out for half the season. England batsman Will Jacques, who plays for RCB, has also been injured. He has been replaced by New Zealand's Michael Bracewell. Doubts on Mukesh Chowdhary as well - Similarly, left-arm fast bowler Mukesh Chowdhary, who took 16 wickets in 13 matches for CSK last season, is also undergoing treatment for a back injury at the NCA. It is not certain when he will be available this season. The big blow for CSK is the exit of New Zealand all-rounder Kyle Jamieson. Sisanda Magala of South Africa has been replaced in his place. After Bumrah, Mumbai's eyes on Archer Jasprit Bumrah, who was a trump card for Mumbai Indians, and Australian fast bowler Jhye Richardson are both injured. Bumrah not playing is a big blow for Mumbai. However, it is a matter of relief for Mumbai that England fast bowler Joffra Archer has joined their preparatory camp. Archer last played in the IPL in 2020. Mohsin Khan also injured Sambhal (UP) left-arm fast bowler Mohsin Khan, who impressed everyone with his bowling last season, is injured this time. He has a shoulder injury. Lucknow Supergiants are hopeful that Mohsin will be available for them in the middle of the season. Johnny Bairstow, who scored 253 runs last season for Punjab Kings, will also not play in the league. In his place, Matthew Short, who made a splash in the Big Bash, has been taken. Sandeep Sharma will replace famous Rajasthan Royals have included former Punjab Kings bowler Sandeep Sharma in their camp in place of injured fast bowler famous Krishna. Krishna is yet to recover from a lower back injury. Sandeep Sharma, who took 114 wickets in 104 matches of the league, swings the ball both ways. He has been taken at the base price of 50 lakhs. He has been playing in the league for the last 10 seasons.



